परिपत्र

कार्यालय. रक्षा लेखा नियंत्रक, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500009.

OFFICE OF THE C.D.A., ,NO.1, STAFF ROAD, SEC'BAD-09.

दूरभाष /Tel: 040-27843385 फैक्स/Fax: 040-27817275

सं./No. EDP/FINCOMP दिनांक : 17.12.2014

सेवा में,
सभी अधीनस्थ कार्यालय
(विशाखापट्टणम् / सिकंदराबाद)

विषय : पंचिंग माध्यम का दैनिक अपलोड

****

जैसा कि मुख्यालय कार्यालय के दिनांक 11.12.2014 के पत्रांक A/III/12157/CMP/Vol.IV और दिनांक 22.04.2014 के पत्रांक MECH/EDP/326/New Comp के अधीन निदेश दिया गया है कि सभी उप-कार्यालय वैन (WAN) लॉग-इन के माध्यम से दर्पण परियोजना में संकलित डाटा को प्रतिदिन अपलोड करें ।

इस संबंध में , सभी कार्यालयों को पहले ही वैन (WAN) के माध्यम से जोड़ दिया गया है और वे SBI-CMP पोर्टल और विश्वक परियोजना के लिए इनका प्रयोग कर रहे हैं ।

लेखा अधिकारी, जी.ई., प्रस्तावित पद्धति के अधीन वर्तमान में अनुकरण की जा रही पद्धति में बाधा डाले बिना कार्य करेंगे । जारी किए गए चेकों के आधार पर रोकड़ बही में की गई प्रविष्टियों के समर्थन में लेखा अधिकारी, जी.ई. प्रतिदिन **प्राप्ति एवं प्रभार का एक सार** और **एक पंचिंग माध्यम** तैयार करेंगे । सामान्य पद्धति के अनुसार पंचिंग माध्यम को क्रमागत क्रम सं. आबंटित की जाएगी।

संकलन प्रणाली में प्रतिदिन पंचिंग माध्यम डाटा को अपलोड किया जाएगा । दैनिक आधार पर व्यय को उपरोक्त पद्धति में संकलित करने के लिए निम्नांकित प्रक्रिया का अनुकरण किया जाए :

1. फिनकॉम्प मोड्यूल (fincomp module) के माध्यम से प्रतिदिन पंचिंग माध्यम तैयार करें।
2. टेक्स्ट फाइल (Text file) सृजित करें ।
3. दर्पण मोड्यूल में वैन (WAN) के माध्यम से लॉग-इन करें । (अनुलग्नक-ए में विवरण हैं)
4. अपलोड करें ।

आपसे अनुरोध है कि इस प्रक्रिया की तुरंत जाँच करें और 19 दिसंबर, 2014 तक अपनी टिप्पणियाँ अनिवार्य रूप से मुख्य कार्यालय और मुख्यालय कार्यालय को प्रेषित करें ।

बाला जवाहर

रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (ई.डी.पी.)